<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–11 सितम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आएगे वाराणसी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीन चंद्र रामगुलाम के साथ कई मुद्दों पर होगी द्विपक्षीय वार्ता।
- नेपाल संकट को देखते हुए प्रदेश के भारत–नेपाल सीमा पर स्थित जिलों में घोषित हुआ चौबीस घंटे का हाई अलर्ट। पुलिस मुख्यालय लखनऊ में स्थापित किया गया विशेष नियंत्रण कक्ष।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में लिया हिस्सा। कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का **विकसित भारत संकल्प** भारत और भारतीयता का मंत्र।
- स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में प्रदेश के सत्रह शहरों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन। दस लाख तक की आबादी वाले शहरों में झांसी और मुरादाबाद को मिला दूसरा स्थान।

**********

मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम तीन दिवसीय दौरे पर कल वाराणसी पहुंचे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आज मॉरीशस के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भाग लेने के लिए वाराणसी पहुंचेंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के काशी आगमन पर एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। काशीवासियों ने एयरपोर्ट से होटल के रास्ते में जगह जगह सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उनका स्वागत किया। श्री रामगुलाम के दौरे के मद्देनजर पूरे शहर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मॉरिशस के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता में शामिल होने वाराणसी पहुंचेंगे। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि पूरे शहर में पर्याप्त संख्या में स्थानीय पुलिस के साथ पीएसी, एटीएस, क्यूआरटी और आरएएफ की भी तैनाती की गई है। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।**

वाराणसी में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ0 नवीनचंद्र रामगुलाम कई मुद्दों पर वार्ता करेंगे। एक रिपोर्ट–

**दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बातचीत के दौरान सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी, खासकर डेवलपमेंटल पार्टनरशिप और कैपेसिटी बिल्डिंग पर ध्यान दिया जाएगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान और तकनीक, ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर और नए क्षेत्रों जैसे रिन्यूएबल एनर्जी, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और ब्लू इकोनॉमी में साझेदारी बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा होगी। हिन्द महासागर क्षेत्र में एक करीबी समुद्री पड़ोसी के रूप में, मॉरीशस भारत की महासागर दृष्टि और 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति के लिए अहम है। आलोक राय, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।**

**********

प्रदेश सरकार ने पड़ोसी देश नेपाल में बढ़ते संकट को देखते हुए सीमा से लगे अपने सभी जिलों में चौबीसों घंटे का हाई अलर्ट घोषित किया है। श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर और महराजगंज में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बस्ती मंडल के मंडलायुक्त अखिलेश सिंह और डीआईजी संजीव त्यागी ने हालात का जायजा लेने के लिए कल सिद्धार्थनगर जिले में भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र का दौरा किया। सीमावर्ती क्षेत्रों में इस समय नेपाल सीमा से आने जाने वाले लोगों की सघन तलाशी की जा रही है। एक रिपोर्ट–

**नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए पुलिस मुख्यालय लखनऊ में एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यहां पर तीन हेल्पलाइन नंबर और एक व्हाट्सएप नंबर चौबिसों घंटे संचालित रहेंगे। जिसके माध्यम से नागरिक सीधे मदद हासिल कर सकेंगे। ये नंबर हैं – 0522–2390 257 और 0522–2724 010. व्हाट्सएप नम्बर है – 945 440 1674 इसके अलावा, पुलिस मुख्यालय की सोशल मीडिया इकाई को भी निर्देशित किया गया है कि नेपाल से जुड़े किसी भी संवेदनशील सूचना या पोस्ट की लगातार निगरानी की जाए और जरूरत पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।**

केन्द्र सरकार ने भारतीय नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल की यात्रा न करने की सलाह दी है।

**********

मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने अपने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन कल महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा में हिस्सा लिया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने हमेशा एक योजक की भूमिका निभाकर समाज और राष्ट्र को दिशा दिखाई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित भारत सिर्फ राजनीतिक संकल्प नहीं, बल्कि भारत और भारतीयता का मंत्र है।

मुख्यमंत्री ने कल गोरखपुर में कई अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और देश के गृहमंत्री रहे भारत रत्न, पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 138वीं जयंती के अवसर पर गोरखपुर में उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरखनाथ मंदिर के कार्यालय परिसर में पंडित पंत के चित्र पर पुष्पांजलि**

**अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में पंडित पंत जी ने उत्तर प्रदेश के विकास को सकारात्मक कदम उठाए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम में आए सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। गिरीश नारायण चौबे की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की छप्पनवीं और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की ग्यारहवीं पुण्यतिथि समारोह के उपलक्ष्य में कल शाम श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के विराम सत्र में भी हिस्सा लिया।

**********

इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। उनका यह सपना तब साकार हुआ, जब तीन सितंबर को जीएसटी परिषद ने दरों को युक्तिसंगत बनाने, कई क्षेत्रों में कर दरों को कम करने और नागरिकों के जीवन को आसान बनाने को मंजूरी दे दी। शिक्षा क्षेत्र में हुए सुधारों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**सरकार ने स्टेशनरी वस्तुओं पर जीएसटी दरों में छूट देकर शिक्षा क्षेत्र को बड़ी राहत दी है। नए सुधारों के तहत, पेंसिल, शार्पनर, क्रेयॉन, अभ्यास पुस्तिकाएँ, ग्राफ बुक, मानचित्र और चार्ट जैसी स्टेशनरी वस्तुओं को पहले के 12 प्रतिशत जीएसटी से छूट दी गई है, जबकि रबड़ पर जीएसटी 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गयाहै। विष्णु और सौम्या के साथ दृष्टिपुन्यानी, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

ड्रोन पारिस्थितिकी तंत्र को भी जीएसटी सुधारों से बढ़ावा मिलेगा। एक रिपोर्ट–

**ड्रोन पर जीएसटी की दरें 28 और 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है इससे पहले एकीकृत कैमरा वाले ड्रोन के लिए यह दर 18 प्रतिशत और व्यक्तिगत उपयोग वाले ड्रोन के लिए 28 प्रतिशत थी। पायलट प्रशिक्षण के लिए उड़ान और मोशन सिम्युलेटर को भी छूट दी गई है। जीएसटी में सुधार से विनिर्माण और सॉफ्टवेयर क्षेत्र में रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी, जिससे भारत ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी भूमिका निभाएगा। सौम्या और शिवांग के साथ नीतिका गुप्ता आकाशवाणी समाचार नई दिल्ली।**

**********

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण दो हजार पचीस में प्रदेश के सत्रह शहरों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देशभर में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। इस उपलब्धि के लिए प्रत्येक शहर को पचीस लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से आयोजित इस सर्वेक्षण में राष्ट्रीय रैंकिंग में तीन से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों में झांसी और मुरादाबाद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। गोरखपुर और फिरोजाबाद पांचवें, बरेली सातवें वहीं नोएडा नौवें स्थान पर है। वहीं, 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में आगरा तीसरे, कानपुर पांचवें, प्रयागराज सातवें, वाराणसी 11वें, गाजियाबाद 12वें, लखनऊ 15वें और मेरठ 33वें स्थान पर रहा। तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में अनपरा पांचवें, रायबरेली सातवें, गजरौला 23वें और खुर्जा 26वें स्थान पर रहा है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

गोरखपुर जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बदलाव के प्रयास नजीर बनने लगे हैं। वहां के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव मिश्र ने बताया कि जिले में ग्राम सेवा हर्षोदय परियोजना के तहत आकांक्षी ब्लॉक ब्रह्मपुर के बीस आंगनबाड़ी केन्द्रों का उच्चीकरण किया गया है। डॉ मिश्र ने कहा कि एसबीआई फाउंडेशन की मदद से किए गए महत्वपूर्ण बदलावों से केन्द्र पर गुणवत्तायुक्त सेवाएं मिल रही हैं।

**********